NCERT Solutions for 1st Class Hindi: Chapter 10-पगड़ी

IndCareer Schools

indCareer indCareer indCareer

NCERT Solutions for Class 1st Hindi: Chapter 10-पगड़ी

Class 1st Hindi Chapter 10 Solutions - Complete Class 1 Hindi Chapter 10 Notes.

NCERT Solutions for Class 1st Hindi: Chapter 10-पगड़ी

NCERT 1st Hindi Chapter 10, class 1 Hindi Chapter 10 solutions

कविता का सारांश

'पगड़ी' एक बड़ी रोचक कविता है, जिसके रचनाकार सर्वेश्वरदयाल सक्सेना हैं। इस कविता में विचित्र स्थितियों का सामना करती एक पगड़ी का वर्णन किया गया है। कवि कह रहा है कि एक पगड़ी को रगड़-रगड़कर इतना साफ़ किया गया कि मैल तो रह गई, किंतु पगड़ी फट गई। इस पर पगड़ी की हट्टी-कट्टी मालकिन इतनी झगड़ी कि मैल और पगड़ी दोनों ही तर-बतर हो गए।

काव्यांशों की व्याख्या

1. मैली पगड़ी,

इतनी रगड़ी,

इंतनी रगड़ी,

इतनी रगड़ी,

इतनी रगड़ी,

रह गया मैल,

न रह गई पगड़ी।

शब्दार्थ : मैली-गंदी। पगड़ी-सिर पर लपेटकर बाँधने का कपड़ा। मैल- गंदगी

प्रसंग : प्रस्तुत पंक्तियाँ हमारी पाठ्यपुस्तक रिमझिम, भाग-1 में संकलित कविता 'पगड़ी' से ली गई हैं। इस कविता के रचयिता सर्वेश्वरदयाल सक्सेना हैं। इसमें कवि ने एक पगड़ी के विषय में बताया है।

व्याख्याः इन पंक्तियों के माध्यम से कवि कहता है कि एक मैली पगड़ी को नौकर ने रगड़-रगड़कर इतना साफ किया कि वह तो फट गई लेकिन उसका मैल खत्म नहीं हुआ।

2. हट्टी-कट्टी।

मोटी-तगड़ी,

मलकिन झगड़ी,

इतनी झगड़ी,

इतनी झगड़ी,

इतनी झगड़ी,

इतनी झगड़ी,

तर गया मैल,

और तर गई पगड़ी।

शब्दार्थ : हट्टी-कट्टी-मोटी-ताजी। तर जाना-पूरी तरह से मुक्त हो जाना।

प्रसंग : पूर्ववत।

व्याख्या : नौकर के द्वारा पगड़ी की मैल को साफ़ किए जाने के क्रम में उसके फट जाने पर उसकी मालकिन ने खूब झगड़ा किया। उसने इतना झगड़ा किया कि इसमें पगड़ी और मैल दोनों ही तर गए।

प्रश्न-अभ्यास

(पाठ्यपुस्तक से)

सफाई

प्रश्न **1.**

मालकिन ने मैली पगड़ी खूब रगड़ी। तुम इन चीज़ों को किससे साफ़ करोगे**?**

उत्तर :

1. कागज़ – रबड़ से
2. बर्तन – बर्तन धोने वाले साबुन से
3. पत्ते – पानी से
4. जूते – ब्रश से
5. दाँत – ब्रश से

प्रश्न **2.**

पगड़ी को खूब रगड़ा तो पगड़ी फट गई। बताओ, इनको खूब रगड़ोगे तो क्या होगा**?**

उत्तर :

1. कागज़ – फट जाएगा
2. बर्तन – घिस जाएगा
3. जूते – फट जाएँगे
4. स्वेटर – फट जाएगा
5. फ़र्श – चमक जाएगा

Chapterwise NCERT Solutions for Class 1 Hindi :

- Chapter 1 – झूला
- Chapter 2 – आम की कहानी
- Chapter 3 – आम की टोकरी
- Chapter 4 – पत्ते ही पत्ते
- Chapter 5 – पकौड़ी
- Chapter 6 – छुक-छुक गाड़ी
- Chapter 7 – रसोईघर
- Chapter 8 – चूहो! म्याऊँ सो रही है
- Chapter 9 – बंदर और गिलहरी
- Chapter 10 – पगड़ी
- Chapter 11 – पतंग
- Chapter 12 – गेंद-बल्ला
- Chapter 13 – बंदर गया खेत में भाग
- Chapter 14 – एक बुढ़िया
- Chapter 15 – मैं भी……
- Chapter 16 – लालू और पीलू
- Chapter 17 – चकई के चकदुम
- Chapter 18 – छोटी का कमाल
- Chapter 19 – चार चने
- Chapter 20 – भगदड़
- Chapter 21 – हलीम चला चाँद पर
- Chapter 22 – हाथी चल्लम चल्लम
- Chapter 23 – सात पूँछ का चूहा

About NCERT

The National Council of Educational Research and Training is an autonomous organization of the Government of India which was established in 1961 as a literary, scientific, and charitable Society under the Societies Registration Act. The major objectives of NCERT and its constituent units are to: undertake, promote and coordinate research in areas related to school education; prepare and publish model textbooks, supplementary material, newsletters, journals and develop educational kits, multimedia digital materials, etc.Organise pre-service and in-service training of teachers; develop and disseminate innovative educational techniques and practices;collaborate and network with state educational departments, universities, NGOs and other educational institutions; act as a clearing house for ideas and information in matters related to school education; and act as a nodal agency for achieving the goals of Universalisation of Elementary Education.In addition to research, development, training, extension, publication and dissemination activities, NCERT is an implementation agency for bilateral cultural exchange programmes with other countries in the field of school education.Its headquarters are located at Sri Aurobindo Marg in New Delhi. Visit the Official NCERT website to learn more.